Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## फरवरी भाग-1 2024



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. 'मराठा सैन्य परिदृश्य' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 12 किलों और दुर्गों का एक नेटवर्क है जो 17वीं-19वीं शताब्दी में मराठा शासकों की असाधारण सैन्य प्रणाली और रणनीति का प्रतिनिधित्व करता है।
2. इन्हें 2021 में विश्व धरोहर स्थलों की संभावित सूची में शामिल किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**2. परमाणु सुरक्षा पर कन्वेंशन (CNS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एकमात्र गैर-बाध्यकारी परमाणु संधि है।
2. इसका उद्देश्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
3. यह एक प्रोत्साहन-आधारित संधि है जिसके लिये राज्यों को परमाणु सुरक्षा के लिये एक नियामक ढाँचा स्थापित करने और बनाए रखने की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**3. 'पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समूह (ECOWAS)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ECOWAS ने वर्ष 1990 में अपना मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थापित किया और बाद में इसने एक सामान्य बाह्य/विदेशी टैरिफ अपनाया।
2. इसने क्षेत्र में संघर्षों को नियंत्रित करने के लिये शांति सैन्य व्यवस्था विकसित करके कुछ सुरक्षा मुद्दों का हल करने के लिये भी कार्य किया है।
3. भारत का ECOWAS के साथ दीर्घकालिक संबंध है और वर्ष 2004 में इसे निकाय के पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**4. भारत में हिम तेंदुए की जनसंख्या आकलन (SPAI) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SPAI कार्यक्रम में भारत में विभिन्न हिम तेंदुए के आवासों में कैमरा ट्रैपिंग, आनुवंशिक नमूनाकरण और आवास मूल्यांकन शामिल है।
2. वन अनुसंधान संस्थान (FRI) ने हिम तेंदुआ श्रेणी वाले राज्यों और संरक्षण भागीदारों के समर्थन से SPAI के लिये राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कार्य किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**5. हाल ही जारी "इलेक्ट्रिसिटी 2024" रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई थी?**

A. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)
B. विद्युत मंत्रालय
C. राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान
D. केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (CPRI)

**6. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सरकारी संगठन है जो भारत में संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों से जुड़े कर्मचारियों के लिये भविष्य निधि एवं पेंशन खातों का प्रबंधन करता है।
2. यह श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**7. कुष्ठ रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो जीवाणुओं से होता है।
2. ऐसा माना जाता है कि यह केवल नवजात बच्चों को ही होता है।
3. यह वंशानुगत बीमारी नहीं है बल्कि यह बूंदों (droplets) के माध्यम से फैलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**8. बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहन हैं जो पूरी तरह से उच्च क्षमता वाली बैटरी में संग्रहीत विद्युत शक्ति पर चलते हैं।
2. इनके पास एक विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) है जो उत्सर्जन उत्पन्न नहीं करता है।
3. इसमें पहियों को चलाने के लिये इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग किया जाता है, जो तत्काल आघूर्ण बल (Torque) और गति प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**9. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2006 में भारत सरकार के एक वैधानिक संगठन के रूप में सामने आया।
2. यह आयोग शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
3. आयोग का अध्यक्ष केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार के अधिकारियों में से चुना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**10. 'सी-केयर्स वेब पोर्टल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) द्वारा विकसित किया गया है, जो MeitY के अंतर्गत एक अनुसंधान और विकास संगठन है।
2. यह भावी निधि ग्राहकों और कोयला कंपनियों को दावों के ऑनलाइन निपटान सहित विभिन्न कार्य करने में सक्षम बनाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: वर्ष 2008 में शुरू की गई, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) का लक्ष्य भारत के लिये निम्न कार्बन और जलवायु-लचीला विकास प्राप्त करना है, जिसके मूल में 10 राष्ट्रीय मिशन हैं।**

**कथन-II: सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को वर्ष 2030 तक वर्ष 2005 के स्तर से 45% तक कम करने और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 50% बिजली उत्पन्न करने का संकल्प लिया हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रेनोवेयर मस्तिष्क ऑर्गेनॉइड को माइक्रोइलेक्ट्रोड के साथ एकीकृत करता है, जिससे एक 'ऑर्गेनॉइड न्यूरल नेटवर्क (ONN)' बनता है जो सीधे कंप्यूटिंग प्रक्रिया में जीवित मस्तिष्क ऊतक को शामिल करता है।
2. ब्रेन ऑर्गेनॉइड 3D ऊतक हैं जो मानव मस्तिष्क की संरचना और कार्य का अनुकरण करते हैं। वे मानव भ्रूण स्टेम सेल से प्राप्त होते हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**13 'समुद्री शैवाल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें '21वीं सदी का चिकित्सीय भोजन' कहा जाता है।
2. बड़े समुद्री शैवाल घने पानी के नीचे के जंगलों का निर्माण करते हैं जिन्हें केल्प वन के रूप में जाना जाता है, जो मछली, घोंघे और समुद्री अर्चिन के लिये पानी के नीचे नर्सरी के रूप में कार्य करते हैं।
3. वे अतिरिक्त पोषक तत्त्वों को अवशोषित करके और समुद्री रासायनिक क्षति का संकेत देकर जैव-संकेतक के रूप में कार्य करते हैं।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**14. ई इंक डिस्प्ले के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ई इंक डिस्प्ले एक प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक पेपर डिस्प्ले तकनीक है जो कागज़ पर पारंपरिक स्याही की उपस्थिति की नकल करती है।
2. इसमें एक स्पष्ट तरल पदार्थ में निलंबित सकारात्मक रूप से चार्ज किये गए सफेद कणों और नकारात्मक रूप से चार्ज किये गए काले कणों से भरे लाखों छोटे माइक्रोकैप्सूल का उपयोग किया जाता है।
3. यह बैकलाइट का उपयोग करता है और रोशनी को उसी तरह प्रतिबिंबित करता है जैसे एलसीडी तथा एलईडी डिस्प्ले में होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**15. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. अंतरिम बजट का उद्देश्य सरकारी व्यय और आवश्यक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना है जब तक कि नई सरकार कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश न कर दे।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, वार्षिक वित्तीय विवरण संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**16. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | रामसर साइट | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | अघनाशिनी मुहाना | (a) कर्नाटक |
| 2. | कराईवेट्टी पक्षी अभयारण्य | (b) तमिलनाडु |
| 3. | लॉन्गवुड शोला रिज़र्व वन | (c) केरल |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग ने "इकोनॉमिक्स ऑफ फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की जिसमें वर्तमान खाद्य प्रणालियों में स्थाई तत्काल परिवर्तन पर ज़ोर दिया गया जिसकी अनुमानित लागत वार्षिक रूप से 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।**

**कथन-II: खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC) एक निजी संघ है जिसमें कई राष्ट्र तथा शैक्षणिक क्षेत्रों के वैज्ञानिक शामिल हैं और इसका उद्देश्य खाद्य प्रणाली सुरक्षा की चुनौतियों की पहचान करना एवं उन्हें समाधान करने के लिये आवश्यक नीतिगत परिवर्तन करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**18. 'कलारीपयट्टू' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक भारतीय मार्शल आर्ट है जिसकी उत्पत्ति तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से दूसरी शताब्दी ईस्वी के दौरान केरल में हुई थी।
2. यह एक व्यक्तिगत युद्ध प्रशिक्षण प्रणाली है जिसमें निहत्थे युद्ध के लिये तीव्र प्रतिक्रिया विकसित करने और लाठी का उपयोग करके कुशल लड़ाई करने के अभ्यास शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: डस्टेड अपोलो तितली की खोज वर्ष 1990 में की गई थी और इसकी वितरण सीमा पूर्वी यूरोप से चीनी मुख्यभूमि तक फैली हुई है।**

**कथन-II: डस्टेड अपोलो तितली स्वेलोटेल परिवार के स्नो अपोलो वर्ग का सदस्य है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) पारंपरिक न्यूरोमस्कुलर मार्गों का उपयोग किये बिना मस्तिष्क एवं बाहरी उपकरणों के बीच सीधे संचार को सक्षम बनाता है।**

**कथन-II: BCI के साथ मस्तिष्क गतिविधि की पहचान करने के लिये सेंसर का उपयोग किया जाता है, जिसे बाद में कमांड में परिवर्तित किया जाता है ताकि उपयोगकर्त्ता अपने विचारों का उपयोग करके बाहरी दुनिया के साथ संपर्क कर सके।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**21. भारत-भूटान संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भूटान भारत और चीन के बीच एक बफर राज्य के रूप में कार्य करता है।
2. भारत आयात स्रोत और निर्यात गंतव्य दोनों के रूप में भूटान का शीर्ष व्यापार भागीदार है।
3. मंगदेछू जलविद्युत परियोजना भारत और भूटान के बीच पहली संयुक्त उद्यम परियोजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**22. 'राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एनसीजीजी अफ्रीकी क्षेत्र के सिविल सेवकों के लिये सार्वजनिक नीति और शासन पर एक उन्नत नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित करता है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 2014 में सरकार द्वारा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत एक शीर्ष स्तर की स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भुगतान करने और किसी निवेशक/ऋणदाता को उधारकर्त्ता द्वारा डिफॉल्ट के जोखिम से बचाने के लिये 'गारंटी' राज्य हेतु एक कानूनी दायित्व है।**

**कथन-II: भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अनुसार, एक गारंटी, किसी तीसरे व्यक्ति के डिफॉल्ट के मामले में "वादा पूरा करने या दायित्व का निर्वहन करने" का एक अनुबंध है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उर्वरक ग्रेड डि-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) में 18% नाइट्रोजन और 46% फॉस्फोरस होता है तथा इसे फॉस्फोरिक एसिड के साथ अमोनिया से प्रतिक्रिया द्वारा निर्मित किया जाता है।
2. भारतीय किसान उर्वरक सहकारी (IFFCO) ने नैनो DAP लॉन्च किया, जिसमें मात्रा के आधार पर 8% नाइट्रोजन और 16% फास्फोरस है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**25. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: सिमलीपाल के रॉयल बंगाल टाइगर्स का संबंध एक विशेष वंश से है जिनमें मेलानिन की अत्यधिक मात्रा होती है जिसके परिणामस्वरूप बाघों के शरीर पर काली तथा पीली अंतर-छिद्रित धारियाँ विकसित होती हैं जो उन्हें स्यूडो अथवा छद्म-मेलानिस्टिक बनाते हैं।**

**कथन-II: मेलानिज़्म एक आनुवंशिक स्थिति है जिसके परिणामस्वरूप मेलानिन की मात्रा बढ़ जाती है जिससे जानवरों की त्वचा अथवा बालों का रंग लगभग या पूरी तरह से काला होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**26. मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के समन्वय से संचालित सांस्कृतिक मानचित्रण पर एक राष्ट्रीय मिशन है।
2. इस योजना के तहत सरकार ने देश के सभी गाँवों का मानचित्रण तथा प्रलेखीकरण करने का निर्णय लिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**27. निम्नलिखित संगीत पर विचार कीजिये:**

1. शंकर महादेवन
2. गणेश राजगोपालन
3. सेल्वगणेश विनायकराम

**उपर्युक्त में से कितनी हस्तियों को 2024 में ग्रैमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**28. समुद्री गायों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डुगोंग कैरेबियन, मैक्सिको की खाड़ी, अमेज़न, पूर्व-पश्चिम अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में रहते हैं।
2. ये भारतीय और प्रशांत महासागरों के तटीय क्षेत्रों में निवास करते हैं।
3. IUCN के अनुसार मैनेटीज़ और डुगोंग दोनों को सुभेद्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**29. सुबिका पेंटिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चित्रकला शैली मणिपुर में कुकी समुदाय के सांस्कृतिक इतिहास से संबंधित है।
2. यह पेंटिंग हस्तनिर्मित कागज़ अथवा वृक्ष की छाल पर बनाई जाती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**30. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का भाग VI भारत के सर्वोच्च न्यायालय के संगठन और प्रक्रियाओं से संबंधित है।
2. वर्तमान में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सहित 32 न्यायाधीश हैं।
3. भारत के मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त किसी भी अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिये भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**31. जैविक विविधता पर कन्वेंशन (CBD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जैव विविधता के संरक्षण के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जो 1972 से लागू है।
2. भारत ने CBD के प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिये जैविक विविधता अधिनियम, 2002 लागू किया।
3. CBD सचिवालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**32. 'माँ कामाख्या दिव्य परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल (PM-DevINE) योजना के तहत मंजूरी दी गई है।
2. कामाख्या मंदिर असम के गुवाहाटी में नीलांचल पहाड़ियों पर स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: "GRAPES-3 एक्सपेरिमेंट ने 100 TeV से ऊपर लेकिन कॉस्मिक-रे प्रोटॉन "नी" के नीचे नई विशेषता की खोज की, जो सिंगल पावर-लॉ स्पेक्ट्रम से विचलन का संकेत देता है।"**

**कथन-II: कॉस्मिक किरणें ब्रह्मांड का सबसे ऊर्जावान कण हैं, जो सभी दिशाओं से समान रूप से पृथ्वी पर बमबारी करते हैं, जिससे इलेक्ट्रॉन, फोटॉन, म्यूऑन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन आदि तेज़ी से गति करने वाले कणों की बौछार होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत पहली बार 'पिछड़ी जनजातियों' के प्रतिनिधियों को प्रांतीय विधानसभाओं में आमंत्रित किया गया।
2. संविधान अनुसूचित जनजातियों की मान्यता के मानदंडों को परिभाषित नहीं करता है और इसलिये वर्ष 1931 की जनगणना में निहित परिभाषा का उपयोग स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक वर्षों में किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**35. हाल ही में खबरों में देखा गया वोल्ट टाइफून है:**

A. उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर में चक्रवात

B. चीनी राज्य-प्रायोजित समूह अमेरिका के महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को निशाना बना रहा है

C. भारत में पहली स्वदेशी निर्मित इलेक्ट्रिक कार

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**36. रिपोर्ट 'पंचायती राज संस्थाओं का वित्त' हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी:**

A. भारतीय रिज़र्व बैंक
B. पंचायती राज मंत्रालय
C. नीति आयोग
D. वित्त आयोग

**37. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: टाइपबार टी.सी.वी. दुनिया का पहला चिकित्सकीय रूप से सिद्ध संयुग्म टाइफाइड वैक्सीन है।**

**कथन-II: टाइफाइड बुखार के लिये स्थानिक क्षेत्र, मध्य प्रदेश के मालवा पठार में चरण-3 परीक्षण से पता चला है कि भारत बायोटेक के टाइफाइड संयुग्म वैक्सीन (TCV), टाइपबार की दीर्घकालिक प्रभावकारिता है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**38. 'क्रेडिट प्रणाली' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विभिन्न पाठ्यक्रमों या सीखने की गतिविधियों को पूरा करने एवं विषयवस्तु में निपुणता प्रदर्शित करने के लिये आवश्यक समय तथा प्रयास के आधार पर संख्यात्मक मान प्रदान करता है, जिसे क्रेडिट के रूप में जाना जाता है।
2. इसका उद्देश्य व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के बीच शैक्षणिक समानता स्थापित करना है।
3. एक छात्र के क्रेडिट को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में डिजिटल रूप से सहेजा जाएगा और उससे जुड़े डिजीलॉकर खाते के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**39. NISAR चरण-II परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NISAR का लक्ष्य व्यापक क्षेत्रों के उच्च-सटीकता वाले डेटा प्रदान करके पृथ्वी संसाधन के अवलोकन में क्रांति लाना है।
2. नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2030 में लॉन्च किये जाने के लिये प्रस्तावित स्पेस-बोर्न सिंथेटिक एपर्चर रडार का विकास किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**40. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. इसमें चार पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये विशेष प्रावधान शामिल हैं।
2. इन राज्यों के आदिवासी क्षेत्रों को स्वायत्त ज़िलों के रूप में प्रशासित किया जाना है।
3. प्रत्येक स्वायत्त ज़िले के लिये एक ज़िला परिषद का गठन किया जाना है, जिसमें अधिकतम 50 सदस्य होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**41. सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GVA उत्पादकों द्वारा उत्पादन के दौरान वस्तुओं और सेवाओं में जोड़े गए मूल्य (संवर्द्धन) को मापता है।
2. इसकी गणना समग्र आउटपुट में इनपुट की लागत जोड़कर की जाती है।
3. यदि हम GVA से मूल्यह्रास को घटाते हैं तो हमें निवल वर्धित मूल्य (NVA) प्राप्त होता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

नोट :

**42. शून्यकाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शून्यकाल एक भारतीय संसदीय नवाचार है और इसका उल्लेख संसदीय नियम पुस्तिका में नहीं किया गया है।
2. प्रश्नकाल और कार्यसूची के बीच के समय के अंतराल को शून्यकाल कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) भारत में खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता का विनियमन व पर्यवेक्षण करके सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा एवं प्रोत्साहन के लिये उत्तरदायी है।**

**कथन- II: वर्ष 2006 के अधिनियम में खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न कानून शामिल हैं, जैसे कि खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954, फल उत्पाद आदेश, 1955, मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973 और विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रबंधित अन्य अधिनियम।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**44. 'माघ बिहू' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माघ बिहू, जिसे भोगाली बिहू या माघोर बिहू भी कहा जाता है, असम राज्य में मनाया जाने वाला फसल उत्सव है।
2. यह उत्सव अक्तूबर के महीने में आता है और कटाई के मौसम के अंत का प्रतीक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**45. CAR-T सेल थेरेपी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रकार की इम्यूनोथेरेपी है जिसमें रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली की सहायता से कैंसर का इलाज किया जाता है।
2. इस थेरेपी को ल्यूकेमिया और लिम्फोमा के लिये अनुमोदित किया गया है।
3. CAR-T थेरेपी का उपयोग अत्यधिक किफायती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
**D. उपर्युक्त से कोई भी नहीं**

**46. क्यासानूर फॉरेस्ट डिज़ीज़ (KFD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कैनाइन पार्वोवायरस के कारण होता है।
2. इसकी पहचान सबसे पहले 2007 में अफ्रीका के क्यासानूर जंगल के एक बीमार बंदर में की गई थी।
3. भारत में फिलहाल इस वायरस का कोई टीका उपलब्ध नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
**D. उपर्युक्त से कोई भी नहीं**

**47. प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मत्स्य पालन क्षेत्र को औपचारिक बनाने के लिये प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा (PMMSY) के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना है।
2. इसका उद्देश्य जलीय कृषि बीमा खरीदने के लिये लाभार्थियों को एकमुश्त प्रोत्साहन प्रदान करना है।
3. राष्ट्रीय मत्स्य पालन क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म (NFDP) के तहत इस योजना का लक्ष्य असंगठित मत्स्य पालन क्षेत्र का क्रमिक तौर पर औपचारिकीकरण करना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 2, और 3
B. केवल 1
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**48. वायुमंडलीय नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायुमंडलीय नदियाँ आद्रता युक्त वायु का एक विस्तृत, संकीर्ण बैंड है जो उष्णकटिबंधीय से उच्च अक्षांशों तक महत्त्वपूर्ण मात्रा में जल वाष्प पहुँचाती हैं।
2. "पाइनएप्पल एक्सप्रेस" वायुमंडलीय नदी तूफानों का एक प्रसिद्ध उदाहरण है जो अमेरिका के पश्चिमी तट, विशेष रूप से कैलिफोर्निया में भारी वर्षण का कारण बनता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
**D. उपर्युक्त में से कोई नहीं**

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: उदार रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये मुद्रा आपूर्ति का विस्तार करने के लिये तैयार है।**

**कथन-II: मौद्रिक नीति समिति (MPC) का लक्ष्य विकास का समर्थन करते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप करने के लिये चरणबद्ध रूप से समायोजन को वापस लेना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**50. 'इंडियन ऑयल मार्केट आउटलुक टू 2030' रिपोर्ट हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई थी:**

A. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी
B. पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन
C. पेट्रोलियम फेडरेशन ऑफ इंडिया
D. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

**51. स्वामी दयानंद सरस्वती के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने "वेदों की ओर लौटो" का नारा दिया।
2. प्रथम आर्य समाज इकाई औपचारिक रूप से उनके द्वारा लाहौर में स्थापित की गई और बाद में इसका मुख्यालय मुंबई में स्थापित किया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथनों सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**52. जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2024 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जल प्रदूषण से संबंधित छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, तकनीकी अथवा प्रक्रियात्मक खामियों के लिये कारावास की आशंकाओं को कम करने पर केंद्रित है।
2. यह केंद्र सरकार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों के नामांकन के लिये दिशा-निर्देश निर्धारित करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**53 "सैन्य अभ्यास' सदा तनसीक" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और संयुक्त अरब के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. इसका प्राथमिक उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर में उल्लिखित अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्र में संयुक्त अभियानों के लिये सैनिकों को प्रशिक्षित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**54. हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट (HAPS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. HAPS एक सौर ऊर्जा द्वारा संचालित UAV है। यह सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है और महीनों अथवा वर्षों तक समताप मंडल में बना रह सकता है।
2. HAPS क्षोभमंडल में वाणिज्यिक हवाई जहाज़ों की ऊँचाई से लगभग दोगुनी ऊँचाई पर संचालित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: हार्ड क्रोम प्लेटिंग (एचसीपी) एक इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्रक्रिया है जिसमें संक्षारण और पहनने के प्रतिरोध में सुधार के लिए सतह पर क्रोमियम की एक परत लगाई जाती है।**

**कथन- II: HVAF छिड़काव में कम तापमान और उच्च कण वेग शामिल होते हैं, जिससे 5-15 μm में महीन आकार के पाउडर का उपयोग करके कोटिंग्स के जमाव की अनुमति मिलती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**56. लिम्फैटिक फाइलेरियासिस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (Neglected Tropical Disease) है जो कुत्तों के माध्यम से प्रसारित फाइलेरिया परजीवियों के संक्रमण के कारण होता है।
2. संक्रमण बचपन में शुरू होकर वयस्कता तक संचय होता है, जिसके परिणामस्वरूप अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक रोग की स्थिति पैदा होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57. वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क कोष (Global Biodiversity Framework Fund) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वन्यजीवों और पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण तथा स्थिरता में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये निर्मित किया गया है, जिन्हें वनाग्नि, बाढ़, चरम मौसमीय घटनाओं और शहरी विस्तार जैसी मानवीय गतिविधियों से खतरा है।
2. इसका प्रबंधन वैश्विक पर्यावरण सुविधा (Global Environment Facility) द्वारा किया जाएगा और निजी परोपकारी तथा सरकारी निवेश के माध्यम से धन जुटाया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**58. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूक्ष्म और लघु उद्यमों को किफायती ऋण प्रदान करने की भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसका लक्ष्य उनके वित्तीय समावेशन को औपचारिक बनाना या "बिना वित्तपोषित लोगों को वित्तपोषित करना" है।
2. 10 लाख रुपए से कम की गैर-कृषि आय गतिविधियों के लिये व्यावसायिक योजना वाले भारतीय नागरिक मुद्रा ऋण ले सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**59. नज़ूल भूमि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नज़ूल भूमि पर सरकार का स्वामित्व होता है किंतु अमूमन इसे प्रत्यक्ष रूप से राज्य संपत्ति के रूप में प्रशासित नहीं किया जाता है।

नोट :

2. राज्य आम तौर पर ऐसी भूमि को 1 से 9 वर्ष तक की संक्षिप्त अवधि के लिये पट्टे पर आवंटित करता है।
3. नज़ूल भूमि (हस्तांतरण) नियम, 1956 वह कानून है जिसका उपयोग अधिकतर नज़ूल भूमि निर्णय के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**60. भारत के एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स तथा एक्सटेंडेड रियलिटी (AVGC-XR) क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्तमान में, भारत वैश्विक AVGC-XR क्षेत्र के कुल उत्पादन का 7% हिस्सा साझा करता है।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 AVGC-XR उद्योग में प्रतिभा को निखारने के लिये एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**61. RuPay के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) द्वारा विकसित एक भुगतान प्रणाली और वित्तीय सेवा उत्पाद है।
2. यह एक घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क है जिसका उपयोग पूरे भारत में स्वचालित टेलर मशीन (ATMs), पॉइंट ऑफ सेल/बिक्री का एक बिंदु (PoS) उपकरणों और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**62. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. वह सभी त्रि-सेवाओं (सेना, नौसेना और भारतीय वायु सेना) मामलों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करता है।
2. वह रक्षा मंत्रालय में नव निर्मित सैन्य मामलों के विभाग (Department of Military Affairs - DMA) के प्रमुख होता है ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: नीति आयोग और दूतावास साम्राज्य ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।**

**कथन-II: प्राकृतिक गैस को लगभग -260°F तक ठंडा किया जाता है, जिससे एक स्पष्ट, रंगहीन और गैर-विषैला तरल बनता है, जिसे LNG एनजी के रूप में जाना जाता है, इसे लंबी दूरी तक आसानी से ले जाया जा सकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, एवं कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**64. 'स्मार्ट ग्राम पंचायत परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस परियोजना को संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के तहत वित्त पोषित किया गया है।
2. इस परियोजना का लक्ष्य बिहार के बेगुसराय में ग्राम पंचायतों तक PM-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा का विस्तार करना है।
3. इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटना, स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायित्व और दक्षता को बढ़ावा देना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**65. 'फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (FGM)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें वे सभी प्रक्रियाएँ शामिल हैं जिनमें चिकित्सीय कारणों से महिला जननांग में परिवर्तन करना शामिल है।
2. यह मुख्य रूप से पश्चिमी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी अफ्रीका में प्रचलन में है।
3. वर्तमान में भारत में FGM प्रथा पर प्रतिबंध लगाने हेतु कोई कानून नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मराठा सैन्य परिदृश्य:**

- 'मराठा सैन्य परिदृश्य' 12 किलों और दुर्गों का एक नेटवर्क है जो 17वीं-19वीं शताब्दी में मराठा शासकों की असाधारण सैन्य प्रणाली एवं रणनीति का प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के मराठा सैन्य परिदृश्यों को वर्ष 2021 में विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में शामिल किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**परमाणु सुरक्षा पर सम्मलेन (convention on nuclear security- CNS):**

- CNS एक कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जिसे वर्ष 1994 में अपनाया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CNS एक प्रोत्साहन-आधारित संधि है जिसके लिये राज्यों को परमाणु सुरक्षा के लिये एक नियामक ढाँचा स्थापित करने और बनाए रखने की आवश्यकता होती है। CNS का उद्देश्य व्यक्तियों, समाज और पर्यावरण को आयनकारी विकिरण के हानिकारक प्रभावों से बचाना भी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**3.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'इकोनॉमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स (ECOWAS)' एक क्षेत्रीय समूह है जिसका उद्देश्य पश्चिम अफ्रीकी उप-क्षेत्र के आर्थिक एकीकरण और साझा विकास को बढ़ावा देना है।
- ECOWAS ने वर्ष 1990 में अपना मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थापित किया और जनवरी 2015 में एक सामान्य बाह्य/विदेशी टैरिफ अपनाया। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना मई 1975 में 15 पश्चिम अफ्रीकी देशों द्वारा नाइजीरिया के लागोस में की गई थी।
- संस्थापक सदस्य राष्ट्र: बेनिन, बुर्किना फासो, कोटे डी'आइवर, गाम्बिया, घाना, गिनी, गिनी बिसाऊ, लाइबेरिया, माली, मॉरिटानिया, नाइजर, नाइजीरिया, सियेरा लियोन, सेनेगल और टोगो।
- मुख्यालय: अबुजा, नाइजीरिया
- इसने क्षेत्र में संघर्षों को नियंत्रित करने के लिये शांति सैन्य व्यवस्था विकसित करके कुछ सुरक्षा मुद्दों का हल करने के लिये भी कार्य किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रारंभ में वर्ष 1990 में गृह युद्ध के दौरान लाइबेरिया और वर्ष 1997 में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को सत्ताहीन करने के बाद सैनिकों को सियेरा लियोन भेजा गया था।
- भारत का ECOWAS के साथ दीर्घकालिक संबंध है और वर्ष 2004 में इसे निकाय के पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

4.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- SPAI कार्यक्रम भारत में हिम तेंदुओं की आबादी का आकलन करने वाला पहला व्यापक वैज्ञानिक अभ्यास है।
- SPAI कार्यक्रम में भारत में विभिन्न हिम तेंदुए के आवासों में कैमरा ट्रैपिंग, आनुवंशिक नमूनाकरण और आवास मूल्यांकन शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) ने हिम तेंदुआ श्रेणी के राज्यों तथा संरक्षण भागीदारों के समर्थन से SPAI के लिये राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कार्य किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

5.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency- IEA) ने अपनी रिपोर्ट "इलेक्ट्रिसिटी 2024" (Electricity 2024) के साथ भारत के ऊर्जा भविष्य में महत्त्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का अनावरण किया।
  - यह व्यापक विश्लेषण रुझानों पर प्रकाश डालता है, जैसे कि कोयले की स्थाई भूमिका, नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि और परमाणु ऊर्जा की संभावित वृद्धि, 2026 तक भारत के विद्युत् क्षेत्र को ढाँचा प्रदान करना। **अतः विकल्प A सही है।**

6.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन:**

- यह एक सरकारी संगठन है जो भारत में केवल संगठित क्षेत्रों से जुड़े कर्मचारियों के लिये भविष्य निधि और पेंशन खातों का प्रबंधन करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 को लागू करता है।
- यह श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशासित है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह ग्राहकों और किये गए वित्तीय लेनदेन की मात्रा के मामले में दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक सुरक्षा संगठनों में से एक है।

7.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कुष्ठ रोग:
  - कुष्ठ रोग, जिसे हैनसेन रोग के नाम से भी जाना जाता है, एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो "माइकोबैक्टीरियम लेप्री (Mycobacterium lepra)" नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह रोग त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ की श्लैष्मिक सतहों और आँखों को प्रभावित करता है।
  - यह ज्ञात है कि कुष्ठ रोग बचपन से लेकर बुढ़ापे तक सभी उम्र में होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - कुष्ठ रोग आनुवंशिक नहीं होता है, लेकिन यह अनुपचारित रूप से निकटता और लगातार संपर्क के दौरान, नाक तथा मुँह से बूंदों (droplets) के माध्यम से फैलता है। **अतः कथन 3 सही है।**

8.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (BEVs):**

- बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (BEV) एक प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहन हैं जो पूरी तरह से उच्च क्षमता वाली बैटरी में संग्रहीत विद्युत शक्ति पर चलते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- आंतरिक दहन इंजन नहीं होने के कारण ये शून्य टेलपाइप उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- BEV के पहियों को चलाने के लिये इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग किया जाता है, जो पहियों को तत्काल आघूर्ण बल (Torque) और गति प्रदान करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- BEV उन्नत बैटरी तकनीक, मुख्य रूप से लिथियम-आयन (Li- Ion) बैटरी पर निर्भर करती है।
  - Li-आयन बैटरियों में ऊर्जा घनत्व उच्च होता है, इससे लंबी दूरी तय की जा सकती है और इसका प्रदर्शन बेहतर होता है।

9.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग:**

- 28 दिसंबर, 1953 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय शिक्षा के मापदंडों के समन्वय, निर्धारण और अनुरक्षण हेतु वर्ष 1956 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।

नोट :

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) शिक्षा मंत्रालय के तहत कार्य करता है, केंद्र सरकार UGC में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और दस अन्य सदस्यों की नियुक्ति करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यूजीसी शिक्षा मंत्रालय के तहत काम करता है, केंद्र सरकार यू.जी.सी. में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और दस अन्य सदस्यों की नियुक्ति करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अध्यक्ष ऐसे लोगों में से चुना जाता है जो केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार के अधिकारी नहीं होते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**10.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

हाल ही में कोयला मंत्रालय (MoC) ने कोयला खदान भविष्य निधि संगठन (CMPFO) का C-CARES वेब पोर्टल लॉन्च किया।

- C-CARES वेब पोर्टल को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC) द्वारा विकसित किया गया है, जो MeitY के अंतर्गत एक अनुसंधान और विकास संगठन है, यह पोर्टल CMPFO ग्राहकों तथा पेंशनभोगियों के अभिलेखों के रखरखाव के साथ ही सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के लिये प्रतिबद्ध है।
- CMPFO कोयला क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा के लिये भविष्य निधि एवं पेंशन योजनाओं के प्रशासन के लिये MoC के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - संगठन वर्तमान में कोयला क्षेत्र के लगभग 3.3 लाख भविष्य निधि ग्राहकों और 6.1 लाख पेंशनभोगियों को सेवाएँ प्रदान कर रहा है।
- सी-केयर्स CMPF ग्राहकों और कोयला कंपनियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न कार्य करने में सक्षम बनाएगा, जिसमें दावों का ऑनलाइन निपटान, कागज़ रहित कामकाज, दावों का समय पर तथा सटीक निपटान, प्रसंस्करण समय में कमी एवं शिकायत निवारण शामिल है।
- यह डिजिटल परिवर्तन डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है। **अतः कथन 2 सही है।**

**11.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC):
  - इसे भारत में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने के लिये वर्ष 2008 में लॉन्च किया गया।
  - इसका उद्देश्य भारत के लिये निम्न-कार्बन और जलवायु-लचीला विकास प्राप्त करना है।
  - NAPCC के मूल में 8 राष्ट्रीय मिशन हैं जो जलवायु परिवर्तन में प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये बहु-आयामी, दीर्घकालिक और एकीकृत रणनीतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अतः कथन I सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC):
  - ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनने की भारत की प्रतिबद्धताएँ।
  - सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को वर्ष 2030 तक वर्ष 2005 के स्तर से 45% तक कम करने और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 50% बिजली उत्पन्न करने का संकल्प।
  - वर्ष 2070 तक अतिरिक्त कार्बन सिंक का निर्माण करने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करने का संकल्प। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।**

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ब्रेनवेयर एक अभिनव कंप्यूटिंग प्रणाली है जो मस्तिष्क जैसे ऊतकों को इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ जोड़ती है।
- ब्रेनोवेयर मस्तिष्क ऑर्गेनॉइड को माइक्रोइलेक्ट्रोड के साथ एकीकृत करता है, जिससे एक 'ऑर्गेनॉइड न्यूरल नेटवर्क (ONN)' बनता है जो सीधे कंप्यूटिंग प्रक्रिया में जीवित मस्तिष्क ऊतक को शामिल करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ब्रेन ऑर्गेनॉइड 3D ऊतक हैं जो मानव मस्तिष्क की संरचना और कार्य का अनुकरण करते हैं। वे मानव भ्रूण स्टेम सेल से प्राप्त होते हैं और स्व-संगठित होने में सक्षम होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - मस्तिष्क ऑर्गेनॉइड (Brain Organoids) मस्तिष्क की कोशिका संरचना के समान होते हैं और मस्तिष्क की विकासात्मक प्रक्रिया को प्रतिबिंबित कर सकते हैं। इन्हें मानव मस्तिष्क के विकास तथा मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों का अध्ययन करने के लिये मॉडल के रूप में उपयोग किया जाता है।
- ONN कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क से भिन्न होते हैं, जो सिलिकॉन चिप्स से बने होते हैं क्योंकि वे जैविक न्यूरॉन्स का उपयोग करते हैं जो अपने पर्यावरण से अनुकूलन और सीख सकते हैं।

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

- समुद्री शैवाल:
  - इन्हें '21वीं सदी का चिकित्सीय भोजन' कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - समुद्री शैवाल अधिकतर अंतर्ज्वारीय क्षेत्र में, समुद्र के उथले और गहरे पानी में व मुहाना तथा बैकवाटर में भी पाए जाते हैं।
  - समुद्री शैवाल पानी के नीचे जंगलों का निर्माण करते हैं, जिन्हें केल्प वनों (Kelp Forest) कहा जाता है। ये जंगल मछली, घोंघे आदि के लिये नर्सरी का कार्य करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारत के समुद्रों में लगभग 844 समुद्री शैवाल प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
    - समुद्री शैवाल की अनेक प्रजातियाँ हैं जैसे- गेलिडिएला एकेरोसा,ग्रेसिलिरिया एडुलिस, ग्रेसिलिरिया क्रैसा, ग्रेसिलिरिया वेरुकोसा, सरगस्सुम एसपीपी और टर्बिनारिया एसपीपी आदि। **अत: कथन 3 सही है।**

14.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ई इंक डिस्प्ले एक प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक पेपर डिस्प्ले तकनीक है जो कागज़ पर पारंपरिक स्याही की उपस्थिति की नकल करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें एक स्पष्ट तरल पदार्थ में निलंबित सकारात्मक रूप से आवेशित किये गए सफेद कणों और नकारात्मक रूप से चार्ज किये गए काले कणों से भरे लाखों छोटे माइक्रोकैप्सूल का उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ई इंक डिस्प्ले अपने न्यून विद्युत उपयोग, नेत्रों के अनुकूल सुविधाओं तथा विविध अनुप्रयोगों के माध्यम से दृश्य प्रौद्योगिकी में परिवर्तन ला रहे हैं।
- ई इंक डिस्प्ले, LCD और LED डिस्प्ले के विपरीत, कागज़ के समान प्रकाश को प्रतिबिंबित करते हैं। यह नेत्रों के तनाव को कम करता है और न्यूनतम विद्युत का उपयोग करता है क्योंकि यह केवल छवि बदलने पर ही ऊर्जा की खपत करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

**अंतरिम बजट:**

- अंतरिम बजट एक ऐसी सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाता है जो संक्रमण काल से गुज़र रही है या आम चुनाव से पूर्व अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में है। अंतरिम बजट का उद्देश्य नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश करने तक सरकारी व्यय तथा आवश्यक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, वार्षिक वित्तीय विवरण संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने घोषणा की कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2024 की पूर्व संध्या पर, भारत ने पाँच आर्द्र्भूमि को रामसर साइट्स के रूप में नामित किया है जिससे इनकी संख्या मौजूदा 75 से बढ़ाकर 80 कर दी है।

- इनमें से तीन स्थल अंकसमुद्र पक्षी संरक्षण रिज़र्व, अघनाशिनी मुहाना और मगादी केरे संरक्षण रिज़र्व कर्नाटक में स्थित हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- जबकि दो, कराईवेट्टी पक्षी अभयारण्य तथा लॉन्गवुड शोला रिज़र्व वन तमिलनाडु में हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है लेकिन युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - सबसे अधिक रामसर साइट्स (16 साइटें) तमिलनाडु में हैं, उसके बाद उत्तर प्रदेश (10 साइट्स ) में हैं।

17.

उत्तर: B

व्याख्या:

- खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC) ने "इकोनॉमिक्स ऑफ फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन" शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसके अनुसार प्रति वर्ष 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित कुल लागत के साथ मौजूदा खाद्य प्रणालियों के स्थायी परिवर्तन की तत्काल आवश्यकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- खाद्य प्रणाली अर्थशास्त्र आयोग (FSEC) एक निजी संघ है जिसमें कई राष्ट्र तथा शैक्षणिक क्षेत्रों के वैज्ञानिक शामिल हैं

और इसका उद्देश्य खाद्य प्रणाली सुरक्षा की चुनौतियों की पहचान करना एवं उन्हें समाधान करने के लिये आवश्यक नीतिगत परिवर्तन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

- दोनों कथन सही हैं। कथन 2 मात्र खाद्य प्रणाली आर्थिक आयोग से संबंधित जानकारी प्रदान करता है। यह कथन 1 की व्याख्या नहीं करता है। **अतः, विकल्प B सही है।**

**18.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कलारी पयट्ट (कलारीपयट्टु) का अर्थ है 'युद्ध का मैदान' या 'व्यायामशाला' - (कलारी), 'विधि' या 'कला' - (पयट्ट), जिसे कलारी के नाम से भी जाना जाता है। यह एक भारतीय मार्शल आर्ट है जिसकी उत्पत्ति तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से दूसरी शताब्दी ई.पू. के दौरान केरल में हुई थी। अब यह केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में प्रचलित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कलारीपयट्टू, व्यक्तिगत युद्ध प्रशिक्षण की एक प्रणाली है, जिसमें निहत्थे युद्ध के लिये त्वरित सजगता विकसित करने तथा लाठी, खंजर, चाकू, भाले, तलवार, ढाल आदि जैसे विभिन्न हथियारों पर कुशल महारत हासिल करने के उद्देश्य से परिकल्पित अभ्यास शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**19.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- डस्टेड अपोलो तितली की खोज वर्ष 1890 में की गई थी और इसका वितरण क्षेत्र लद्दाख से पश्चिम नेपाल तक विस्तारित है। यह आंतरिक हिमालय में 3,500 से 4,800 मीटर के बीच उड़ान भरने में सक्षम होती है। **अतः कथन I सही नहीं है।**
- यह स्वेलोटेल परिवार के स्नो अपोलो वर्ग (Parnassius) से संबंधित है। **अतः कथन II सही है।**
  - यह स्वेलोटेल परिवार के स्नो अपोलो वर्ग (Parnassius) से संबंधित है।हालाँकि लद्दाख बैंडेड अपोलो (Parnnasius stoliczkanus) तथा डस्टेड अपोलो प्रजातियाँ समान हैं लेकिन लद्दाख बैंडेड अपोलो का डिस्कल बैंड केवल चार शिरों तक पहुँचता है, जबकि डस्टेड अपोलो का डिस्कल बैंड पूर्ण होता है साथ ही उसका ऊपरी अग्र पंख पर कोस्टा से शिराओं एक तक फैला हुआ होता है।
- **अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।**

**20.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस :
  - यह एक ऐसी तकनीक है जो नसों और मांसपेशियों जैसे पारंपरिक न्यूरोमस्कुलर मार्गों का उपयोग किये बिना, ब्रेन तथा कंप्यूटर या प्रोस्थेटिक्स जैसे बाहरी उपकरणों के बीच सीधे संचार को सक्षम बनाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें आमतौर पर ब्रेन की गतिविधियों का पता लगाने के लिये सेंसर का उपयोग किया जाता है, जिसे बाद में आदेशों या कार्यों में परिवर्तित किया जाता है जिससे व्यक्ति उपकरणों को नियंत्रित करने या अपने विचारों का उपयोग कर बाहरी दुनिया के साथ संपर्क स्थापित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**इसलिये कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I के लिये सही व्याख्या है।**

**21.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-भूटान संबंध:**

- जटिल संबंधों वाले दो एशियाई दिग्गज भारत और चीन के बीच भूटान एक बफर राज्य के रूप में कार्य करता है। भूटान की रणनीतिक स्थिति भारत को उत्तर से संभावित खतरों के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत आयात स्रोत और निर्यात गंतव्य दोनों के रूप में भूटान का शीर्ष व्यापार भागीदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दोनों देशों ने पहली बार संयुक्त उद्यम परियोजना 600 मेगावाट खोलोंगछू जलविद्युत परियोजना शुरू की। इस परियोजना का उद्देश्य भूटान के लिये अधिशेष जलविद्युत पैदा करना है जिसे भारत को निर्यात किया जाएगा, यह भूटान के राजस्व के साथ-साथ रोज़गार सृजन में भी मदद मिलेगी।
- मंगदेछू जलविद्युत परियोजना (HEPP) एक 720MW रन-ऑफ-रिवर पावर प्लांट है जो मध्य भूटान के ट्रोंगसा द्ज़ोंगखाग ज़िले में मंगदेछू नदी पर बनाया गया है। भारत सरकार ने इस परियोजना को 70% ऋण और 30% अनुदान के माध्यम से वित्तपोषित किया। यह भारत और भूटान के बीच कोई संयुक्त उद्यम नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**22.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) ने हाल ही में अफ्रीकी क्षेत्र के सिविल सेवकों के लिये सार्वजनिक नीति और शासन पर अपना उन्नत नेतृत्व विकास कार्यक्रम संपन्न किया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह भूमि प्रशासन, सतत् विकास और सार्वजनिक नीति प्रथाओं पर केंद्रित था तथा इसमें इरिट्रिया, केन्या, इथियोपिया, तंज़ानिया एवं गाम्बिया के अधिकारियों ने भाग लिया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहयोग के साथ ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था।
- NCGG की स्थापना वर्ष 2014 में सरकार द्वारा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत एक शीर्ष स्तरीय स्वायत्त संस्थान के रूप में की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भुगतान करने और किसी निवेशक/ऋणदाता को उधारकर्त्ता द्वारा डिफॉल्ट के जोखिम से बचाने के लिये 'गारंटी' राज्य हेतु एक कानूनी दायित्व है। **अत: कथन I सही है।**
- भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अनुसार, एक गारंटी, किसी तीसरे व्यक्ति के डिफॉल्ट के मामले में "वादा पूरा करने या दायित्व का निर्वहन करने" का एक अनुबंध है। इसमें तीन पक्ष शामिल हैं: प्रमुख देनदार, लेनदार और ज़मानतदार। **अत: कथन II सही है।**
  - लेनदार: वह संस्था जिसे गारंटी दी गई है। यह वह पक्ष है जिसे भुगतान देय है और वे गारंटी द्वारा सुरक्षित हैं।
  - प्रमुख देनदार: वह संस्था जिसकी ओर से गारंटी दी गई है। यह वह पार्टी है जिस पर कर्ज़ बकाया या देनदारी है।
  - ज़मानतदार: गारंटी प्रदान करने वाली इकाई (इस संदर्भ में राज्य सरकारें), जो वादा पूरा करने या डिफॉल्ट के मामले में मुख्य देनदार की देनदारी का निर्वहन करने का वादा करती है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**24.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- DAP (डाई-अमोनियम फॉस्फेट):
  - DAP, भारत में यूरिया के बाद दूसरा सर्वाधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उर्वरक है।
  - DAP को भारत में अधिक वरीयता दी जाती है क्योंकि इसमें नाइट्रोजन और फॉस्फोरस दोनों शामिल होते हैं। उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही तत्त्व मैक्रोन्यूट्रिएंट्स हैं और पौधों के लिये आवश्यक 18 पोषक तत्त्वों का हिस्सा हैं।
  - उर्वरक ग्रेड DAP में 18% नाइट्रोजन और 46% फॉस्फोरस होता है। इसका निर्माण उर्वरक संयंत्रों में नियंत्रित परिस्थितियों में फॉस्फोरिक एसिड के साथ अमोनिया की अभिक्रिया द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नैनो DAP:
  - नैनो DAP, DAP का एक विशेष रूप है जिसे पौधों की वृद्धि एवं विकास को प्रोत्साहित करने में उर्वरक की प्रभावशीलता में सुधार लाने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है।
  - वर्ष 2023 में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव (IFFCO/इफको) ने अपना नैनो DAP लॉन्च किया, जिसमें मात्रा के हिसाब से 8% नाइट्रोजन और 16% फॉस्फोरस था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - पारंपरिक DAP, जो दानेदार रूप में होता है, के विपरीत इफको का नैनो DAP तरल रूप में प्राप्त होता है।

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सिमलीपाल के रॉयल बंगाल टाइगर्स का संबंध एक विशेष वंश से है जिनमें मेलानिन की अत्यधिक मात्रा होती है जिसके परिणामस्वरूप बाघों के शरीर पर काली तथा पीली अंतर-छिद्रित धारियाँ विकसित होती हैं जो उन्हें स्यूडो अथवा छद्म-मेलानिस्टिक बनाते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
  - ओडिशा द्वारा सिमलीपाल टाइगर रिज़र्व (STR) के निकट स्थापित विश्व की पहली मेलानिस्टिक टाइगर सफारी का अनावरण किया जाएगा।
- मेलानिज़्म एक आनुवंशिक स्थिति है जिसके परिणामस्वरूप मेलानिन की मात्रा बढ़ जाती है जिससे जानवरों की त्वचा अथवा बालों का रंग लगभग या पूरी तरह से काला होता है। **अत: कथन-II सही है।**

नोट :

- **अत: विकल्प b सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

26.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD) योजना:**

- MGMD कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) के समन्वय से संचालित सांस्कृतिक मानचित्रण पर एक राष्ट्रीय मिशन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार ने मेरा गाँव, मेरी धरोहर (MGMD) कार्यक्रम के तहत सभी गाँवों का मानचित्रण तथा प्रलेखीकरण करने का निर्णय लिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय गाँवों के जीवन, इतिहास तथा लोकाचार की विस्तृत जानकारी संकलित करना एवं इसे आभासी तथा वास्तविक समय के आगंतुकों के लिये उपलब्ध कराना है।

27.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ग्रैमी अवार्ड:
  - ग्रैमी अवार्ड (मूल नाम ग्रामोफोन अवार्ड ) अमेरिका में नेशनल एकेडमी ऑफ रिकॉर्डिंग आर्ट्स एंड साइंसेज़ (NARAS) या लैटिन एकेडमी ऑफ रिकॉर्डिंग आर्ट्स एंड साइंसेज़ (LARAS केवल स्पेनिश/पुर्तगाली भाषाओं में रिकॉर्डिंग के लिये) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों की एक श्रृंखला है।
  - संगीत संबंधी उपलब्धियों को मान्यता देने का यह वार्षिक आयोजन वर्ष 1958 के कलाकारों का सम्मान करने के लिये वर्ष 1959 में शुरू किया गया था और इससे सम्मानित होने वालों को ग्रामोफोन की एक स्वर्ण प्रतिमा प्राप्त होती है।
- ग्रैमी अवार्ड 2024 में भारत का प्रदर्शन:
  - शक्ति, में ज़ाकिर हुसैन, शंकर महादेवन, जॉन मैक्लॉघलिन, गणेश राजगोपालन और सेल्वगणेश विनायकराम शामिल हैं, जिन्होंने अपने एल्बम "दिस मोमेंट" के लिये 2024 ग्रैमी पुरस्कार जीता। **अत: विकल्प C सही है।**

28.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**समुद्री गाय (Sea Cows):**

- समुद्री गायों में मैनेटी और डुगोंग (dugongs) शामिल हैं, जिनमें चार मैनेटी प्रजातियाँ तथा एक डुगोंग प्रजाति शामिल है, जो शाकाहारी डुगोंगिडे परिवार (Dugongidae family) से संबंधित है।
- ये कैरेबियन, मैक्सिको की खाड़ी, अमेज़ॅन, पूर्व और पश्चिम अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में रहते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- डुगोंग भारतीय और प्रशांत महासागरों के तटीय क्षेत्रों में रहते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- IUCN ने समुद्री गाय और मैनेटीज़ दोनों को सुभेद्य (Vulnerable) के रूप में वर्गीकृत किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

29.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्राचीन सुबिका पेंटिंग:**

- मणिपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने हेतु मणिपुर की प्राचीन सुबिका पेंटिंग शैली,जो विलुप्ति की कगार पर है, को पुनर्जीवित करने के लिये व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं।
- सुबिका पेंटिंग शैली मैतेई समुदाय के सांस्कृतिक इतिहास से संबंधित है तथा अपनी छह जीवित पांडुलिपियों; सुबिका, सुबिका अचौबा, सुबिका लाईशाबा, सुबिका चौदित, सुबिका चेइथिल तथा थेंगराखेल सुबिका के माध्यम से अस्तित्व में हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पेंटिंग हस्तनिर्मित कागज़ पर बनाई जाती हैं तथा पांडुलिपियों के लिये आवश्यक सामग्री, जैसे हस्तनिर्मित कागज़ अथवा वृक्ष की छाल पर तैयार की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**

30.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत के सर्वोच्च न्यायालय :**

- सांविधानिक उपबंध: संविधान के भाग V में अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय के संगठन, स्वतंत्रता, क्षेत्राधिकार, शक्तियों, प्रक्रियाओं आदि से संबंधित हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्तमान संरचना: भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित 34 अन्य न्यायाधीश शामिल होते हैं जिनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। वर्ष 1950 के मूल संविधान में एक मुख्य न्यायाधीश तथा 7 उप-न्यायाधीशों के साथ एक सर्वोच्च न्यायालय की परिकल्पना की गई थी तथा न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का कार्य संसद के क्षेत्राधिकार के तहत आता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- नियुक्ति: सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों से परामर्श करने के बाद राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है। अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और अतिरिक्त न्यायाधीशों से परामर्श के बाद की जाती है।
    - भारत के मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त किसी भी अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिये भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

**31.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जैविक विविधता पर कन्वेंशन (CBD):**

- CBD, जैवविविधता के संरक्षण हेतु कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जो वर्ष 1993 से लागू है। इसके 3 मुख्य उद्देश्य हैं:
    - जैवविविधता का संरक्षण।
    - जैवविविधता के घटकों का सतत् उपयोग।
    - आनुवंशिक संसाधनों के उपयोग से होने वाले लाभों का उचित एवं न्यायसंगत बँटवारा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत ने CBD के प्रावधानों को प्रभावी करने के लिये 'जैवविविधता अधिनियम 2002' लागू किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- CBD का सचिवालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है जो संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत संचालित होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**32.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या दिव्य परियोजना (मां कामाख्या पहुँच गलियारा) की आधारशिला रखी थी।
- इसे उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल (PM-DevINE) योजना के तहत मंजूरी दी गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गुवाहाटी, असम में नीलांचल पहाड़ियों पर स्थित, कामाख्या मंदिर एक महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह मंदिर मां शक्ति के विभिन्न रूपों को समर्पित है, अर्थात् सुंदरी, त्रिपुरा, तारा, भुवनेश्वरी, बगलामुखी और छिन्नमस्ता।
- अंबुबाची मेला इस मंदिर के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार हर साल देवी कामाख्या के वार्षिक मासिक धर्म के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (TIFR) द्वारा भारत के ऊटी में संचालित ग्रेप्स-3 (GRAPES-3) एक्सपेरिमेंट ने कॉस्मिक-रे प्रोटॉन स्पेक्ट्रम में एक नई विशेषता की खोज की है।

- "GRAPES-3 एक्सपेरिमेंट ने 100 TeV से ऊपर लेकिन कॉस्मिक-रे प्रोटॉन "नी" के नीचे नई विशेषता की खोज की, जो सिंगल पावर-लॉ स्पेक्ट्रम से विचलन का संकेत देता है।" **अत: कथन I सही है।**
- सदियों पुरानी खोज के अनुसार, ब्रह्मांडीय/कॉस्मिक किरणें ब्रह्मांड का सबसे ऊर्जावान कण हैं, जो सभी दिशाओं से समान रूप से पृथ्वी पर बमबारी करते हैं, जिससे इलेक्ट्रॉन, फोटॉन, म्यूऑन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन आदि तेज़ी से गति करने वाले कणों की बौछार होती है। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I व II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1931 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजातियों को 'बहिर्वेशित' और 'आंशिक रूप से बहिष्कृत' क्षेत्रों में 'पिछड़ी जनजातियों' के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत पहली बार 'पिछड़ी जनजातियों' के प्रतिनिधियों को प्रांतीय विधानसभाओं में आमंत्रित किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान अनुसूचित जनजातियों की मान्यता के मानदंडों को परिभाषित नहीं करता है और इसलिये वर्ष 1931 की जनगणना में निहित परिभाषा का उपयोग स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक वर्षों में किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

- हालाँकि संविधान का अनुच्छेद 366(25) अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित करने के लिये प्रक्रिया निर्धारित करता है: "अनुसूचित जनजातियों का अर्थ ऐसी जनजातियों या जनजातीय समुदायों के अंदर कुछ वर्गों या समूहों से है, जिन्हें इस संविधान के उद्देश्यों के लिये अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति माना जाता है।"

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वोल्ट टाइफून:**

- माइक्रोसॉफ्ट ने चीनी राज्य-प्रायोजित समूह वोल्ट टाइफून द्वारा गुप्त, लक्षित दुर्भावनापूर्ण गतिविधि का पता लगाया है, जिसका उद्देश्य समझौता के बाद क्रेडेंशियल एक्सेस और नेटवर्क सिस्टम डिस्कवरी है, जो अमेरिका के महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को लक्षित करता है।
- वोल्ट टाइफून संचार, विनिर्माण, उपयोगिताओं, परिवहन, निर्माण, समुद्री, सरकार, आईटी और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करता है।
    - अनुभव किया गया व्यवहार लंबे समय तक अज्ञात जासूसी करने और पहुँच बनाए रखने के गुप्त इरादे को इंगित करता है। **अत: विकल्प B सही है।**

**36.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'पंचायती राज संस्थाओं का वित्त':**

- हाल ही में 'पंचायती राज संस्थानों का वित्त' शीर्षक से जारी रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा भारत में पंचायती राज संस्थानों (PRIs) की वित्तीय गतिशीलता पर प्रकाश डालती है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**टाइपबार टी.सी.वी.:**

- टाइपबार टी.सी.वी. दुनिया का पहला चिकित्सकीय रूप से सिद्ध संयुग्म टाइफाइड वैक्सीन है। **अत: कथन-I सही है।**
- हाल ही में टाइफाइड बुखार के लिये स्थानिक क्षेत्र मलावी, अफ्रीका में किये गए चरण-3 परीक्षण ने भारत बायोटेक के टाइफाइड कंजुगेट वैक्सीन (TCV), टाइपबार की दीर्घकालिक प्रभावकारिता का प्रदर्शन किया है। अध्ययन में सभी आयु वर्ग के बच्चों में टीके का प्रभाव देखा गया। अत: कथन-II गलत है।

**अत: विकल्प C सही है, क्योंकि कथन-I सही है और कथन-II गलत है।**

**38.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- क्रेडिट प्रणाली शिक्षा में उपयोग की जाने वाली एक विधि है जिसका उपयोग किसी छात्र द्वारा सीखने की क्षमता को मापने एवं उसका आकलन करने के लिये किया जाता है।
    - यह विभिन्न पाठ्यक्रमों या सीखने की गतिविधियों को पूरा करने एवं विषयवस्तु में निपुणता प्रदर्शित करने के लिये आवश्यक समय तथा प्रयास के आधार पर संख्यात्मक मान प्रदान करता है, जिसे क्रेडिट के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्रेडिट प्रणाली का उद्देश्य NEP 2020 द्वारा प्रस्तावित, व्यावसायिक तथा सामान्य शिक्षा के बीच अकादमिक समानता स्थापित करना और साथ ही दो शिक्षा प्रणालियों के बीच गतिशीलता को सुविधाजनक बनाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - एक छात्र के क्रेडिट को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में डिजिटल रूप से सहेजा जाएगा और उससे जुड़े डिजीलॉकर खाते के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**
    - अपने संबद्ध स्कूलों में इसे लागू करने के लिये CBSE ने वर्ष 2022 में एक उपसमिति का गठन किया जिसने सुझाव दिया कि वर्तमान शैक्षणिक ढाँचे को NCrF के साथ संरेखित करने के लिये कैसे फिर से डिज़ाइन किया जाना चाहिये।

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार (NISAR) चरण-II रडार डेटा के माध्यम से वन बायोमास और कार्बन अनुवीक्षण पर केंद्रित एक अत्याधुनिक अनुसंधान परियोजना है, हाल ही में केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज़ एंड ओशन स्टडीज़ (KUFOS) ने इस परियोजना में भाग लेने की घोषणा की है।

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) तथा NISAR कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण की सफलता के बाद इस सहयोग की घोषणा की गई है, पहला चरण विभिन्न क्षेत्रों में वन बायोमास की वास्तविक से जुड़े डेटा के मान्यीकरण पर केंद्रित था।
- नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2024 में लॉन्च किये जाने के लिये प्रस्तावित स्पेस-बोर्न सिंथेटिक एपर्चर रडार का विकास किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NISAR का लक्ष्य व्यापक क्षेत्रों के अधिक-सटीकता वाला डेटा प्रदान करके पृथ्वी संसाधन के अवलोकन में क्रांति लाना है। **अत: कथन 1 सही है।**

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत के संविधान में छठी अनुसूची के बारे में:**

- परिचय: छठी अनुसूची में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(2) के तहत चार पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये विशेष प्रावधान शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उद्देश्य: इसका उद्देश्य जनजातीय भूमि और संसाधनों की सुरक्षा करना तथा इनका गैर-जनजातीय संस्थाओं को हस्तांतरण को रोकना है। यह जनजातीय समुदायों को शोषण से भी सुरक्षा प्रदान करता है, यह उनकी सांस्कृतिक व सामाजिक अस्मिता को बरकरार रखने में तथा उनका प्रोत्साहन सुनिश्चित करता है।
- स्वायत्त ज़िले और क्षेत्र: इन राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन स्वायत्त ज़िलों के रूप में किया जाता है।
  - राज्यपाल के पास स्वायत्त ज़िलों को व्यवस्थित करने, पुनर्गठित करने और सीमाओं अथवा नामों में परिवर्तन करने की शक्ति है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ज़िला और क्षेत्रीय परिषद: इसके तहत प्रत्येक स्वायत्त ज़िले के लिये अधिकतम 30 सदस्यों वाले एक ज़िला परिषद का गठन किया जाना आवश्यक है।
  - इनमें से राज्यपाल द्वारा नामित सदस्यों की अधिकतम संख्या 4 है, जबकि शेष का चयन वयस्क मताधिकार के आधार पर किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**41.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सकल मूल्य वर्द्धित (GVA):**

- उत्पादन के दौरान उत्पादक द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में किया संवर्द्धन GVA द्वारा आँका जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी गणना कुल आउटपुट से इनपुट (मध्यवर्ती खपत) की लागत घटाकर की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का एक प्रमुख घटक है, जो आर्थिक विकास को दर्शाता है। GVA वृद्धि दरें क्षेत्रीय प्रदर्शन में अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं जो आर्थिक विश्लेषण तथा नीति निर्माण में सहायता करती हैं।
  - GVA = GDP + उत्पादों पर सब्सिडी - उत्पादों पर कर।
- GVA से मूल्यह्रास घटाने पर निवल वर्द्धित मूल्य (Net Value Added- NVA) प्राप्त होता है।
  - NVA मध्यवर्ती खपत तथा स्थिर पूंजी की खपत दोनों के मूल्यों को घटाकर आउटपुट का मूल्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

**42.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- शून्यकाल एक भारतीय संसदीय नवाचार है। संसदीय प्रक्रिया की नियमपुस्तिका में इसका उल्लेख नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके तहत सांसद बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी मामले को उठा सकते हैं।
- शून्यकाल, प्रश्नकाल के तुरंत बाद शुरू होता है तथा दिन के कार्यक्रम की शुरुआत शुरू होने तक जारी रहता है।
- शून्यकाल, प्रश्नकाल और दिन के कार्यक्रम की शुरुआत के बीच के अंतराल को दर्शाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करते हुए FSSAI भारत में खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता का विनियमन व पर्यवेक्षण करके सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा एवं प्रोत्साहन के लिये उत्तरदायी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2006 के अधिनियम में खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न कानून शामिल हैं, जैसे कि खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954, फल उत्पाद आदेश, 1955, मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973 और विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रबंधित अन्य अधिनियम। **अत: कथन 2 सही है।**
- कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं। कथन 2 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के संबंध में है न कि FSSAI के कार्य के बारे में। **अत: विकल्प B सही है।**

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

- माघ बिहू, जिसे भोगाली बिहू या माघोर बिहू भी कहा जाता है, असम राज्य में मनाया जाने वाला फसल उत्सव है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बिहू 3500 ईसा पूर्व से मनाया जा रहा है जब लोग अपनी फसल को बेहतर बनाने के लिये अग्नि बलि दिया करते थे।
- दिमासा कछारी जनजाति को उत्सव से जुड़े प्राचीनतम पूर्वजों के रूप में जाना जाता है।
- यह उत्सव जनवरी के महीने में आता है और कटाई के मौसम के अंत का प्रतीक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

45.

उत्तर: B

व्याख्या:

**CAR-T सेल थेरेपी:**

- CAR T-सेल थेरेपी, जिसे काइमेरिक एंटीजेन रिसेप्टर T-सेल थेरेपी के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकार की इम्यूनोथेरेपी है जो कैंसर से लड़ने के लिये मरीज़ की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CAR T-सेल थेरेपी को ल्यूकेमिया (श्वेत रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने वाली कोशिकाओं से उत्पन्न होने वाला कैंसर) और लिम्फोमा (लसीका प्रणाली से उत्पन्न होने वाला कैंसर) के लिये अनुमोदित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CAR-T थेरेपी के गंभीर दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं, जिसमें साइटोकिन रिलीज़ सिंड्रोम (प्रतिरक्षा प्रणाली की व्यापक सक्रियता और शरीर की सामान्य कोशिकाओं को संपार्श्विक क्षति) तथा न्यूरोलॉजिकल लक्षण (गंभीर भ्रम, दौरे एवं वाक् असमर्थता) शामिल हैं।
- CAR-T थेरेपी के तहत इलाज काफी महँगा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

**क्यासानूर फॉरेस्ट डिज़ीज़ (KFD):**

- क्यासानूर फॉरेस्ट डिज़ीज़ (KFD), एक ज़ूनोटिक बीमारी है तथा यह सर्वप्रथम बंदरों में पाई गई थी जिसके परिणामस्वरूप इसे बोलचाल की भाषा में "मंकी डिज़ीज़" कहा जाता है। यह क्यासानूर फॉरेस्ट डिज़ीज़ वायरस (KFDV) के कारण होता है जो मुख्य रूप से मनुष्यों और बंदरों को प्रभावित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी पहचान सर्वप्रथम वर्ष 1957 में कर्नाटक के क्यासानूर वन के एक बीमार बंदर में की गई थी। तब से प्रति वर्ष 400-500 व्यक्तियों के इससे संक्रमित होने के मामले दर्ज किये जाते रहे हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- KFDV की रोकथाम के लिये एक टीका (फॉर्मेलिन इनएक्टिवेटेड KFDV वैक्सीन) मौजूद है और इसका उपयोग भारत के स्थानिक क्षेत्रों में किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

47.

उत्तर: D

व्याख्या:

**प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना:**

- PM-MKSS, मत्स्य पालन क्षेत्र को औपचारिक बनाने और वित्त वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2026-27 तक सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अगले चार वर्षों की अवधि में 6,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ मत्स्य पालन सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का समर्थन करने के लिये प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा (Pradhan Mantri Matsya Sampada-PMMSY) के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उद्देश्य:
  - राष्ट्रीय मत्स्य पालन क्षेत्र डिजिटल प्लेटफॉर्म (Fisheries Sector Digital Platform- NFDP) के तहत मछुआरों, मत्स्य किसानों और सहायक श्रमिकों के स्व-पंजीकरण के माध्यम से असंगठित मत्स्य पालन क्षेत्र का क्रमिक औपचारिककरण। **अत: कथन 3 सही है।**
  - मत्स्य पालन क्षेत्र के सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिये संस्थागत वित्तपोषण तक पहुँच को सुविधाजनक बनाना।
  - जलीय कृषि बीमा खरीदने के लिये लाभार्थियों को एकमुश्त प्रोत्साहन प्रदान करना। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मत्स्य, मत्स्योत्पाद और नौकरियों के रखरखाव के लिये सुरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों को अपनाने तथा उनके विस्तार को प्रोत्साहित करना।

नोट :

48.

उत्तर: B

व्याख्या:

**वायुमंडलीय नदी:**

- वायुमंडलीय नदियाँ आद्रता युक्त वायु का एक विस्तृत, संकीर्ण बैंड है जो उष्णकटिबंधीय से उच्च अक्षांशों तक महत्त्वपूर्ण मात्रा में जल वाष्प पहुँचाती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वायुमंडलीय नदियाँ अक्सर mT (समुद्री उष्णकटिबंधीय) वायु द्रव्यमान से जुड़ी होती हैं।
- "पाइनएप्पल एक्सप्रेस" वायुमंडलीय नदी तूफानों का एक प्रसिद्ध उदाहरण है जो अमेरिका के पश्चिमी तट, विशेष रूप से कैलिफोर्निया में भारी वर्षण का कारण बनता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - हवाई द्वीप के समीप उष्णकटिबंधीय जल से आद्रता प्राप्त करने के कारण इन तूफानों को यह नाम दिया गया है।

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मौद्रिक नीति समिति के उदार रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये धन आपूर्ति का विस्तार करने के लिये तैयार है। **अतः कथन I सही है।**
- MPC ने निभाव (Accommodation) को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित रखने का भी निर्णय लिया। **अतः कथन II सही है।**
  - **कथन I और कथन II दोनों सही हैं किंतु कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है। अतः विकल्प B सही है।**

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

**इंडियन ऑयल मार्केट आउटलुक टू 2030:**

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency -IEA) ने इंडियन ऑयल मार्केट आउटलुक 2030 रिपोर्ट जारी की है, जो इस बात प्रकाश डालती है कि वर्ष 2030 तक की अवधि में वैश्विक तेल बाज़ार में भारत की भूमिका कैसे विकसित हो सकती है।
- यह रिपोर्ट ऊर्जा परिवर्तन के रुझानों पर गौर करती है जो विभिन्न क्षेत्रों में तेल की मांग को प्रभावित कर सकते हैं और ये परिवर्तन देश की ऊर्जा सुरक्षा को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

**स्वामी दयानंद सरस्वती:**

- हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।
- स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को टंकारा, गुजरात में हुआ तथा उनका मूल नाम मूल शंकर तिवारी था।
- उन्होंने वेदों से प्रेरणा ली और उन्हें 'भारत की युगीन शिला' के रूप में देखा जो हिंदू धर्म का अपरिहार्य तथा वास्तविक मूल कारक है।
  - उन्होंने "वेदों की ओर लौटो" का नारा दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- पहली आर्य समाज इकाई औपचारिक रूप से स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा वर्ष 1875 में मुंबई में स्थापित की गई और बाद में आर्य समाज का मुख्यालय लाहौर में स्थापित किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

**जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2024:**

- प्रमुख संशोधित उपबंध:
  - छोटे अपराधों का गैर-अपराधीकरण करना: इसका उद्देश्य तकनीकी अथवा प्रक्रियात्मक खामियों के लिये कारावास की आशंकाओं को समाप्त करते हुए जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों का गैर-अपराधीकरण (Decriminalization) करना है।
    - यह सुनिश्चित करता है कि दंड अपराधों की गंभीरता के अनुरूप हों तथा हितधारकों को अत्यधिक प्रभावित किये बिना अनुपालन को बढ़ावा दिया जाए।
    - **अतः कथन 1 सही है।**
  - विशेष औद्योगिक संयंत्रों के लिये छूट: यह संशोधित विधेयक केंद्र सरकार को विशेष प्रकार के औद्योगिक संयंत्रों के लिये अतिरिक्त बिक्री केंद्र और निर्वहन के संबंध में धारा 25 में सूचीबद्ध कुछ वैधानिक प्रतिबंधों से छूट प्रदान करने का अधिकार देता है।
    - इस प्रावधान का उद्देश्य नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और निगरानी प्रयासों के दोहराव को कम करना तथा दक्षता को बढ़ावा देते हुए नियामक एजेंसियों पर अनावश्यक बोझ को कम करना है।

- उन्नत नियामक निरीक्षण: इसमें राज्यों में नियामक निरीक्षण तथा मानकीकरण को बढ़ाने के उपाय शामिल किये गए हैं।
  - यह केंद्र सरकार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों के नामांकन के लिये दिशा-निर्देश निर्धारित करने और उद्योग से संबंधित सहमति देने, इनकार करने या रद्द करने के निर्देश जारी करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह अध्यक्षों की निष्पक्ष नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिये कुछ अनिवार्य योग्यताएँ, अनुभव और प्रक्रियाएँ प्रदान करता है।

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक'
  - यह भारत और सऊदी अरब के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस अभ्यास की प्रमुख गतिविधियों में सचल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, घेरा डालना और खोज अभियान, हाउस इंटरवेंशन ड्रिल, रिफ्लेक्स शूटिंग, स्लिथरिंग तथा स्नाइपर फायरिंग शामिल हैं। यह अभ्यास साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूती प्रदान करने का कार्य करेगा।
  - इस अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के तहत अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्र में संयुक्त अभियानों के लिये दोनों देशों के सैनिकों को प्रशिक्षित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट (HAPS):
  - HAPS एक सौर ऊर्जा द्वारा संचालित UAV है। यह सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है और महीनों अथवा वर्षों तक समताप मंडल में बना रह सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - HAPS को निरंतर अनुवीक्षण, संचार और विशेषज्ञ विज्ञान मिशनों के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - HAPS प्रौद्योगिकी वर्तमान में विकास चरण में है और भारत द्वारा इसका सफल उड़ान परीक्षण किया गया जो इसे उन देशों में शामिल करती है जो वर्तमान में इस तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं।
  - HAPS समताप मंडल (पृथ्वी की सतह से 6-50 किमी. ऊपर विस्तरित क्षेत्र) में संचालित होता है और 18-20 किमी. की ऊँचाई पर अपनी अवस्थिति बना सकता है जो वाणिज्यिक हवाई जहाज़ों की ऊँचाई से लगभग दोगुना है। इस ऊँचाई पर संचालन करने की यह क्षमता उन्हें उपग्रहों के समान अनुवीक्षण करने की क्षमता प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**55.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जीवाश्म ईंधन ( Fossil Fuels) के दहन से, विशेष रूप से सल्फर युक्त, सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) और उच्च ताप पर, नाइट्रोजन ऑक्साइड ($NO_x$) निकलते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- अम्ल वर्षा कई कारणों और व्यापक परिणामों वाला एक जटिल पर्यावरणीय मुद्दा है तथा इसकी उत्पत्ति जीवाश्म ईंधन से संबंधित है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लिम्फेटिक फाइलेरियासिस:**

- लिम्फेटिक फाइलेरियासिस, जिसे आमतौर पर हाथीपाँव रोग (एलिफेंटियासिस) के रूप में जाना जाता है, परजीवी संक्रमण के कारण होने वाला एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (Neglected Tropical Disease- NTD) है जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संक्रमण बचपन में शुरू होकर वयस्कता तक संचय होता है, जिसके परिणामस्वरूप अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक रोग की स्थिति पैदा होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**57.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क कोष:**

- इसे वन्यजीवों और पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण तथा स्थिरता में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये निर्मित किया गया है, जिन्हें वनाग्नि, बाढ़, चरम मौसमीय घटनाओं और शहरी विस्तार जैसी मानवीय गतिविधियों से खतरा है। **अत: कथन 1 सही है।**

- इसका प्रबंधन वैश्विक पर्यावरण सुविधा (Global Environment Facility) द्वारा किया जाएगा और निजी परोपकारी तथा सरकारी निवेश के माध्यम से धन जुटाया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना:**

- यह सूक्ष्म और लघु उद्यमों को किफायती ऋण प्रदान करने की भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसका लक्ष्य उनके वित्तीय समावेशन को औपचारिक बनाना या "बिना वित्तपोषित लोगों को वित्तपोषित करना" है। **अत: कथन 1 सही है।**
- कोई भी भारतीय नागरिक, जिसके पास विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र सहित गैर-कृषि क्षेत्र की आय-सृजन गतिविधि के लिये व्यवसाय योजना है और उसे 10 लाख रुपए से कम के ऋण की आवश्यकता है, किसी बैंक, माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (MFI) या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) से पीएमएमवाई के तहत माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड (मुद्रा) ऋण प्राप्त कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नज़ूल भूमि:
  - नज़ूल भूमि पर सरकार का स्वामित्व होता है किंतु अमूमन इसे प्रत्यक्ष रूप से राज्य संपत्ति के रूप में प्रशासित नहीं किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - राज्य आम तौर पर ऐसी भूमि को किसी भी इकाई को 15 से 99 वर्ष के बीच एक निश्चित अवधि के लिये पट्टे पर आवंटित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - कई राज्यों ने नज़ूल भूमि के लिये नियम बनाने के उद्देश्य से सरकारी आदेश जारी किये हैं किंतु नज़ूल भूमि (स्थानांतरण) नियम, 1956 वह कानून है जिसका उपयोग ज़्यादातर नज़ूल भूमि निर्णय के लिये किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**60.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत के AVGC-XR क्षेत्र:**

- AVGC-XR क्षेत्र, वर्तमान में 2.6 लाख व्यक्तियों को रोज़गार देता है, वर्ष 2032 तक 23 लाख प्रत्यक्ष नौकरियाँ पैदा करने का अनुमान है, साथ ही राजस्व वर्ष 2030 तक मौजूदा 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है।
- सरकारी आँकड़ों के अनुसार, वैश्विक AVGC-XR क्षेत्र में भारत का योगदान मात्र 0.5% है, भारत में लगभग 25-30% की वार्षिक वृद्धि और सालाना 1,60,000 से अधिक नई नौकरियाँ सृजित करने के साथ, वर्ष 2025 तक वैश्विक बाज़ार हिस्सेदारी का 5% (USD 40 बिलियन) हासिल करने की क्षमता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 में कक्षा 6 से स्कूल के पाठ्यक्रम में रचनात्मक कला, डिज़ाइन और खेल को एकीकृत किया गया है जिससे AVGC-XR के क्षेत्र में प्रतिभा के विकास के लिये अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**61.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**RuPay:**

- रुपे कार्ड भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payments Corporation of India- NPCI) द्वारा विकसित एक भुगतान प्रणाली और वित्तीय सेवा उत्पाद है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क है जिसका उपयोग पूरे भारत में स्वचालित टेलर मशीन (automated teller machines- ATMs), पॉइंट ऑफ सेल/बिक्री का एक बिंदु (PoS) उपकरणों और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारतीय बैंक संघ (Indian Banks' Association-IBA) को भारत में एक सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान एवं निपटान प्रणाली बनाने का अधिकार देता है।

**62.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ:**

- इसके निर्माण की सिफारिश वर्ष 2001 में मंत्रियों के एक समूह (Group of Ministers - GoM) द्वारा की गई थी, जिसे कारगिल समीक्षा समिति (1999) की रिपोर्ट का अध्ययन करने का काम सौंपा गया था।

- वह सभी त्रि-सेवाओं (सेना, नौसेना और भारतीय वायु सेना) मामलों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वह रक्षा मंत्रालय में नव निर्मित सैन्य मामलों के विभाग (Department of Military Affairs - DMA) के प्रमुख हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**63.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नीति आयोग और नीदरलैंड दूतावास ने भारत ऊर्जा सप्ताह के दौरान 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। **अतः कथन I सही है।**
- प्राकृतिक गैस को लगभग -260°F तक ठंडा किया जाता है, जिससे एक स्पष्ट, रंगहीन और गैर-विषाक्त तरल निर्मित होता है जिसे प्राकृतिक गैस की बड़ी आपूर्ति वाले क्षेत्रों से उन क्षेत्रों में ले जाया जा सकता है जहाँ प्राकृतिक गैस की मांग अधिक होती है।**अतः कथन II सही है।**
    - विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण कमल पुरस्कार विजेताओं को अब 3 लाख रुपये तथा रजत कमल विजेताओं को 2 लाख रुपए प्रदान किये जाएंगे।

**इसलिये, विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है।**

**64.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- स्मार्ट ग्राम पंचायत परियोजना:
    - इस परियोजना को संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के तहत वित्त पोषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ज़ोर दिया गया है।
    - इस परियोजना का लक्ष्य बिहार के बेगुसराय में ग्राम पंचायतों तक PM-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा का विस्तार करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - बेगूसराय अब PM-वाणी योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों को वाई-फाई सेवाओं से लैस करने वाला बिहार का पहला ज़िला बन गया है।
    - इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटना, स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायित्व और दक्षता को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**65.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (FGM):**

- फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (FGM) में वे सभी प्रक्रियाएँ शामिल हैं जिनमें चिकित्सा के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिये महिला जननांग को बदलना अथवा नुकसान पहुँचाना शामिल है और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों और महिलाओं के मानवाधिकारों के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और अखंडता के उल्लंघन के रूप में स्वीकार किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह मुख्य रूप से पश्चिमी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी अफ्रीका के साथ-साथ कुछ विशेष मध्य पूर्वी और एशियाई देशों में प्रचलित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में भारत में FGM प्रथा पर प्रतिबंध लगाने हेतु कोई कानून नहीं है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :